हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 जनवरी 2024

06 महिलाओं और पुरुषों दोनों में हुई कई खेलों में स्पर्धा



07 5 फरवरी से जिले में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी बोर्ड की ...

समाचार संक्षेप

भाकिसं ने संघ के संभागीय सह मंत्री नेहाल सिंह दादा को दी श्रद्धांजलि

आरोन। स्थानीय श्री दास हनुमान राम लीला समिति के संयोजक भारतीय किसान संघ के संभागीय मंत्री निहाल सिंह दादा का निधन 6 जनवरी को हो गया था। सोमवार को भारतीय किसान संघ की ओर से श्रद्धांजलि सभा का



आयोजन किया गया। जिसमें संघ भारतीय जनता पार्टी किसान संघ सामाजिक एवं अन्य लोगों द्वारा उनके के कर्तव्य की स्मरण करते हुए उनको शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर किसान संघ के संभागीय अधिकारी बृजेश सिंह रघुवंशी जमनालाल शर्मा मनोहर लाल शर्मा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद शर्मा जगबीर सिंह परमार ओमप्रकाश वेंदेलद्वारा उनके द्वारा समाज राष्ट्र एवं जनहित में किए गए कार्यों की स्मृति करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संघ की जिला प्रचारक तथा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित एवं सामाजिक व्यक्ति उपस्थित तथा भारतीय किसान संघ के द्वारा आरोन में निहाल सिंह चौराहा की मांग की गई है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

आरोन। नगर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा व्यास महामंडलेश्वर 1008 स्वामी श्री शांति स्वरूपानंद गिरी महाराज चार धाम मंदिर उज्जैन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा आप और हम रसपान करेंगे। इसके लिए श्रीदास हनुमान मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली पोथी पूजन करने के पश्चात गाजे बाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली

गई। कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे वाले सुंदर भजनों की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे उनके पीछे कन्याएं एवं महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर तथा माता बहने एवं पुरुष भक्ति करते हुए चल रहे थे कलश यात्रा का चल समारोह मेन मार्केट पुराना बस स्टैंड इंदिरा पार्क होते हुए श्री राम रघुवंशी धर्मशाला कथा स्थल पर पहुंची यहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर कथा प्रारंभ हुई कथा का समय दोपहर 1:00 बजे से 5:00 बजे तक भागवत कथा का संगीत मय वाचन होगा। रास्ते में अनेक जगह पोथी पूजन किया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। आकर्षण का केंद्र महाकाल बाबा के टीम के सदस्य तानने बजाते हुए चल रहे थे। कथा के मुख्य यजमान घनश्याम सिंह रघुवंशी बरोद वाले ने सभी सभी धर्म प्रेमी बंधुऔ से आग्रह किया है कि कथा स्थल पर पहुंचकर धर्म लाभवर्जित करें।

नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत सामूहिक शपथ का किया आयोजन

आरोन। शासकीय महाविद्यालय आरोन में एनएसएस इकाई द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य सुश्री महाविद्या उपाध्याय ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा बताया कि युवा इस देश का भविष्य हैं युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके लिए विद्यार्थियों को अपने परिवार, समाज से नशे को दूर करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्री हिन्दू सिंह धाकड़ ने बताया कि विद्यार्थी नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो द्वारा "नषे को न-जीवन को हाँ" विषय पर ऑनलाईन शपथ कराई जा रही है जिसमें सभी विद्यार्थी ऑनलाईन शपथ लेकर अभियान को सफल बनाएं। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राध्यापक सहित अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

65 किग्रा डोडाचूरा व तस्करी में प्रयुक्त डिजायर कार की जब्त

राजस्थान तरफ से स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करते नशे के चार सौदागर किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

नवागत पुलिस अधीक्षक गुना संजीव कुमार सिंहा द्वारा विगत दिवस जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों व थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में विभिन्न नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त नशा माफियाओं पर सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध कार्यवाहियां की जा रही है। इसी सिलसिले में एसडीओपी धरनावदा युवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 7-8 जनवरी 2024 की रात में एक स्विफ्ट डिजायर कार में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी कर रहे नशे के 04 सौदागरों को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से 65 किलोग्राम डोडाचूरा कीमती करीबन 6.50 लाख रूपये एवं तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार कीमती 7 लाख रुपए सहित कुल 13.50 लाख रूपये का मशरूका बरामद करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की गई है।

जानकारी के अनुसार गत दिनांक 7 जनवरी की रात में जिले के धरनावदा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान तरफ से एक मारूति स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक MP18 G 5359 में चार व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लेकर ग्राम भमावद, डोंगर, पालिका बाजार, रूठियाई के रास्ते गुना-

शिवपुरी तरफ कहीं जाने वाले हैं। डोडाचूरा तस्करी की प्राप्त सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु धरनावदा थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल रूठियाई-एनएफएल रोड़ स्थित चौपेट नदी रपटा पर पहुंची, जहां पर मुखबिर द्वारा बताई हुलिये की कार के आने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त कार को रोकने का प्रयास किया, तो कार के चालक द्वारा पुलिस को एकदम से कट मारकर कार को वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा कार का पीछा व घेराबंदी कर बमुशिकल कार को रोक लिया गया एवं कार में सबार चारों लोगों को हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर उनके द्वारा अपने नाम 1-पवन पुत्र नैनकराम लोधा उम्र 26 साल निवासी ग्राम नीमखेड़ी थाना पाली जिला बारां राजस्थान, 2-मेहरवान सिंह पुत्र चैन सिंह राजपूत उम्र 40 साल निवासी ग्राम नीमखेड़ी थाना पाली जिला बारां राजस्थान, 3-अर्जुन पुत्र मांगीलाल लोधा उम्र 24 साल निवासी ग्राम हिलगना थाना बजरंगगढ़ जिला गुना एवं 4-अनिल पुत्र फूल सिंह लोधा उम्र 25 साल निवासी ग्राम हिलगना थाना बजरंगगढ़ जिला गुना के होना बताये। जिनकी कार की तलाशी लेने पर कार में रखे प्लास्टिक के 04 कट्टों में कुल 65 किलोग्राम अवैध मादक पादार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ।

पुलिस द्वारा कार से बरामद डोडाचूरा कीमती करीबन 6.50 लाख रूपये एवं डोडाचूरा तस्करी में प्रयुक्त कार कीमती करीबन 07 लाख रुपए सहित कुल 13.50 लाख रूपये का मशरूका विधिवत जप्त कर डोडाचूरा तस्करी में पकड़े गये चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं जिनसे उक्त डोडाचूरा के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि वह जमनालाल लोधा निवासी ग्राम घटाखेड़ी जिला बांरा राजस्थान से डोडाचूरा खरीदकर गुना के आसपास ट्रक व ढाबे वालों को बेचने हेतु लेकर जा रहे थे, जिनके बताये अनुसार प्रकरण में आरोपी जमनालाल लोधी निवासी ग्राम घटाखेड़ी को भी नामजद कर उक्त सभी 05 आरोपियों के विरूद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 03/24 धारा 8/15/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

धरनावदा थाना पुलिस की नशे के विरूद्ध इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान, सउनि उत्तम सिंह कुशवाह, सउनि सीताराम धुर्वे, प्रधान आरक्षक देवेन्द्रपाल सिंह सिकरवार, आरक्षक सोहन अनारे, सत्येन्द्र गुर्जर, रघुकुल तिलक मिश्रा, सुंदर रमण, अब्दुल शाबिर खांन, प्रदुमन शर्मा एवं आरक्षक कपिल ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रशासन, नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त टीमें मैदान में उतरीं

अल्टीमेटम समाप्त होने पर शुरू हुई अतिक्रमण हटाओ मुहिम

कलेक्टर के निर्देशन में शहर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू

मुहिम में बाधा बन रहे व्यक्ति को किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पूर्व से तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार से शहर में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई शुरू हो गई है। कलेक्टर के निर्देशन में की जा रही इस कार्रवाई को अंजाम देने सोमवार को प्रशासन, नगरपालिका और पुलिस की संयुक्त टीमें मैदान में उतरीं हैं। एसडीएम के साथ तहसीलदार, नपा सीएमओ और कोतवाली प्रभारी टीम के साथ निकले। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लक्ष्मीगंज से शुरू हुई, सबसे पहले टीम इसी क्षेत्र में पहुंची, फिर बाजार होते हुए बीजी रोड़ की तरफ अग्रसर हो गई।

अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के पहले ही दिन नेतागिरी और विरोध भी शुरू हो गया और कार्रवाई में बाधा उत्पन्न कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस के हवाले करने के बाद करवाई शांतिपूर्ण ढंग से चलने लगी जिससे प्रशासनिक अमले को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई शांति पूर्ण चली, कहीं किसी तरह का उग्रविरोधदेखने को नहीं मिला। बल्कि कुछ दुकानदार तो खुद दुकानों के बाहर से अपना अतिक्रमण हटाते दिखे। हालांकि सभी दुकानदारों को पहले ही ऐसा कर लेना चाहिए था क्योंकि इस कार्रवाई की जानकारी प्रशासन ने पहले ही दुकानदारों दे दी थी।

टीम देखते ही समेटने लगे सामान

बीजी रोड ओव्हर ब्रिज के नीचे कई दुकानदारों ने अपना सामान जमा रखा है। हालांकि कार्रवाई शुरू करने जब टीम पहुंची तो कई दुकानदार टीम के सामने ही अपना सामान समेटते नजर आए, इन दुकानदारों को फटकार लगाने के साथ तुरंत जगह खाली करने के निर्देश दिए गए। आरा मशीन की लकड़ियों सहित निर्माण सामग्री व कई गुमटियां भी ब्रिज के नीचे रखी मिलीं। जिन्हें हटाने के निर्देश दिए गए। बाजार में कई जगह पक्के निर्माण टूटने से दुकानों के बाहर ईंट, मिट्टी का मलवा जमा हो गया, जिसे हटाया जा रहा है।

सीएमओ और तहसीलदार ने दो दिन पहले दी थी चेतावनी

सीएमओ और तहसीलदार ने दो दिन पहले ही बाजार में पहुंचकर व्यापारियों से बात की थी। और कार्रवाई से पूर्व अतिक्रमण हटाने की बात कहते हुए चेतावनी दी थी कि अगर आप लोग अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो फिर हमारे द्वारा उसे तोड़ दिया जाएगा। इस पर व्यापारियों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया था।

नजर आने लगी नालियां

फुटपाथ पर जो पक्के निर्माण हुए थे, उन्हें तोड़ कर हटवा दिया। जिससे नालियां भी दिखने लगीं हैं। और उनकी सफाई भी अब शुरू हो जाएगी। कोतवाली के आसपास दुकानों के बाहर नालियों के ऊपर दुकानों का सामान रखा रहता था, जिसे सोमवार को पूरी तरह हटा लिया गया।

बरखेड़ा फीडर से जुड़े गांवों के किसानों ने कलेक्टर को सुनाई अपनी व्यथा

10 घंटे का आश्वासन, दे रहे 2 से 3 घंटे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

बरखेड़ा गिर्द फीडर से जुड़े गांवों के किसान सोमवार को अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। किसानों ने कहा कि हम दो महीने से परेशान हैं। 10 घंटे का आश्वासन मिला है लेकिन बिजली मुश्किल से 2 से 3 घंटे मिल रही है। किसानों ने बताया कि गेंहू, चना की फसल पानी नहीं मिलने से पीली पड़ने लगी है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी हमारी परेशानी पर ध्यान नहीं दे रहे। सीएम हेल्पलाइन से शिकायतों को तकनीकी खराबी का हवाला देकर हटा दिया जाता है। किसानों ने कहा कि बरखेड़ा के नजदीक भादौर, नटाई, घटावदा और माहौर के फीडरों पर बराबर बिजली दी जा रही है। परमिट पर बिजली कटौती होती है तो उन फीडरों पर किसानों को एस्ट्रा बिजली मिलती है। लेकिन बरखेड़ा फीडर पर यदि कोई फाल्ट हो जाए तो कोई सुधारने नहीं आता।

हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद भी नहीं हुआ हैंडपंप ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांचौड़ा

गुना विकासखंड चांचोडा तहसील कुंभराज ग्राम पंचायत तलवाड़ा नजदिक आंम्बैह के ग्राम करमोदिया का नीचे का पूरा नदी के पास मरघट साल के पास स्थित हैंडपंप एक माह से चेन टूट जाने से खराब है। ऐसा ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप ठीक करने हेतु सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई । लेकिन आज तक कोई मैकेनिक हेडपंप साइट पर नहीं पहुंचा। जिससे ग्रामीण महिलाएं परेशान हैं। लगभग आधा किलोमीटर दूर खेतों में स्थित कुएं से पानी लाने को है। मजबूर ग्रामीणों का कथन है की पी एच,ई विभाग के अधिकारी नहीं उठाते फोन पी एच,ई विभाग की चल रही मनमर्जी ग्रामीण हो रहे परेशान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायत होने के बावजूद भी अधिकारियों की नई खुली रही नींद अंधेर नगरी चौपट राज चल रहा है। ग्रामीणों का है कहना जब-जब चुनाव आते हैं जनप्रतिनिधि स्वर्ग फाड़कर थेगली लगाने की बातें करते हैं लेकिन जब ग्रामीणों को कोई समस्या आती है कोई नहीं होता है। सुनने वाला अगर किसी नेता के बार्ड मोहल्ले का कोई हेडपंप खराब हो जाता है तो अधिकारी कर जाते 24 घंटा के अंदर ठीक अगर आम जनता का कोई, हैंडपंप खराब हो जाता है तो उसे और नहीं दिया जाता ध्यान। ग्रामीणों ने सोए हुए अधिकारियों से मांग की है की नींद खोलो हम पानी बिना परेशान हो रहे हैं हैंडपंप ठीक करो ताकि हमें पीने का पानी मिल सके।

गुलाबगंज में बिना अनुमति तीव्र व कर्कस ध्वनि में डीजे बजाने पर पुलिस ने डीजे सिस्टम जब्त कर दर्ज की एफआईआर

गुना। 7 जनवरी की रात में कैंट थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के गुलाबगंज में जोर-जोर से डीजे चलने की आवाजें मिलने पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पता किया तो राजकुमार जाटव निवासी गुलाबगंज के यहां कोई कार्यक्रम होकर जिसमें तेज व कर्कस आवाज में डीजे बजाना पाया गया, जिससे आसपास के लोगों को भी काफी असुविधा हो रही थी। इस संबंध में वहां उपस्थित लोगों से डी.जे. चलाने संबंधी अनुमति मांगे जाने पर जिनके द्वारा कोई अनुमति प्राप्त नही करना बताया गया एवं राजकुमार जाटव के बारे में पूछने पर उसके पुलिस को देखकर वहां से चला जाना बताया। चूंकि डी.जे. साउण्ड की आवाज तेज व कर्कस होने से वहां के आसपास के लोगों को असुविधा होकर बेचेनी हो रही थी जिससे डी.जे. साउण्ड व एम्पलीफायर को विधिवत जप्त कर आरोपी राजकुमार पुत्र बबलू जाटव निवासी गुलाबगंज कैंट, गुना के विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 22/24, म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 15 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

आरोन के ग्राम पंचायत सेमराचांच व क्षेत्रपाल में किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

विभिन्न विभागों ने योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस के निर्देशन में शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देने एवं उन्हें लाभांवित किए जाने के उद्देश्य से गुना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रतिदिन निर्धारित रूट अनुसार ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को आरोन के ग्राम पंचायत सेमराचांच व क्षेत्रपाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

इस दौरान सेमराचांच में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूरनसिंह रघुवंशी अध्यक्ष किसान मोर्चा, मनीष शर्मा युवा मोर्चा, मोहन शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के एसके तोमर, स्वास्थ्य विभाग से रवि सोनी, पशुपालन विभाग से जीआर विनेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं डे-नोडल अधिकारी उप संचालक पशु पालन विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन, दीप प्रज्वलन, संदेश वाचन, स्वच्छता गीत व अन्य विभिन्न प्रकार की योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई प्रर्दशनियों का अवलोकन ड्रोनप्लाय एवं रथ को हरि झण्डी दिखाकर रवाना आदि इस दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। साथ ही आईईसी वैन वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।इसी प्रकार ग्राम पंचायत क्षेत्रपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उमेश रघुवंशी, भानु रघुवंशी सरपंच,सुनील सिंह एवं संबंधित अधिकारी सहित डे-नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल शुरू

गुना। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे एवं वेस्ट रेलवे मजदूर संघ के आह्वान पर 8 जनवरी से 11 जनवरी तक नई पेंशन स्कीम वापस लेने एवं पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल की जा रही है। इसी क्रम में 8 जनवरी को गुना रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल पर सरपट खान , अजय राजपूत, बसंत तिवारी,शअमित दीक्षित , जितेंद्र कुशवाह को शाखा सचिव वीपी सिंह एवं अन्य शाखा पदाधिकारियों द्वारा स्वागत कर मंच पर आसीन कराया गया। यही क्रम लगातार 11 जनवरी तक जारी रहेगा। इस अवसर अवसर पर दिनेश चौधरी, अविनाश कुमार, भूपेश कुमार, रामस्वरूप, भारत कुशवाह, इंद्रेश भार्गव, विक्रम नाथावत, एन सी मीणा, मुकेश कुमार, संदीप भार्गव, महेश लोधी, धर्मेन्द्र भार्गव आदि अनेकों रेल कर्मचारी एवम संघ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोषाध्यक्ष आयुष जैन ने टॉस कराकर कराई प्रतियोगिता की शुरुआत

महिलाओं और पुरुषों दोनों में हुई कई खेलों में स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जेसीआई गुना पायनियर का खेल महाकुंभ स्पर्धा की ओपनिंग सेरेमनी 5 तारीख को संपन्न हुई थी। जिसमें खेलों की शुरुआत 6 जनवरी को महिला क्रिकेट के साथ हुई, जिसमें संस्था के कोषाध्यक्ष आयुष जैन द्वारा प्रथम टॉस कराकर इसकी शुरुआत की गई। महिला क्रिकेट का पहला मैच बीपी वॉरियर्स और पायनियर सुपर किंग्स के बीच खेला गया जिसमें पायनियर सुपर किंग्स ने जीत हासिल की इस मैच में अंकिता मंगल द्वारा शानदार बल्लेबाजी और शिखा जैन द्वारा टॉप गेंदबाजी देखने को मिली, उसके बाद रॉयल पायनियर और पायनियर पैंथर की महिलाओं के बीच दूसरा क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रॉयल पायनियर ने जीत हासिल करी इस मैच में नंदिनी रघुवंशी और आकृति जैन द्वारा ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखने को मिली। दोनों क्रिकेट मैचे के बाद महिलाओं का स्लो स्कूटर भी रखा गया जिसमें पायनियर पैंथर्स प्रथम पर एवं बीवी वॉरियर्स द्वितीय स्थान पर रही ,स्लो स्कूटर रेस में शीना सलूजा प्रथम पर और द्वितीय स्थान पर सपना सुरजन रही। इसके बाद पुरुषों के लिए स्लो साइकिल रेस रखी गई जिसमें प्रथम स्थान पायनियर सुपर किंग्स को मिला और द्वितीय स्थान पायनियर पैंथर्स को मिला इसमें विकास सोनी प्रथम पर एवं पवन गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे।द्वितीय दिवस की शुरुआत सुबह ट्रैक एंड फील्ड ग्राउंड पर की गई जिसमें प्रथम खेल के रूप में 100 मीटर महिला रखी गई इस दौड़ में कृतिका अग्रवाल बीपी वॉरियर से प्रथम और प्राची

बंसल रॉयल पायनियर से द्वितीय स्थान पर रही। इसके बाद 100 मीटर पुरुष जिसमें गगन गोयल पायनियर पैंथर से प्रथम एवं किशन रावत पायनियर सुपर किंग से द्वितीय स्थान पर रहे। इसके बाद 100 x 4 मीटर रिले महिलाओं के लिए हुई जिसमें प्रथम स्थान रॉयल पायनियर की प्राची बंसल - नमीता अग्रवाल- आकृति जैन और नैनू जैन- को मिला। द्वितीय स्थान प्रियंका अग्रवाल - सिया राठौर -कृतिका अग्रवाल और काजल अग्रवाल को मिला जो की बीपी वॉरियर से हैं। इसके बाद 100 x 4 मी रिले पुरुष कराई गई जिसमें प्रथम स्थान बीपी वॉरियर्स के नितिन राठौड़ ,शुभम चौहान, अक्कू सलूजा और अंकित अग्रवाल को मिला साथी द्वितीय स्थान पायनियर पैंथर्स के गगन गोयल रोहित सुरजन ,रविंद्र रघुवंशी और शिवम अग्रवाल को मिला। द्वितीय दिवस की शाम को महिला क्रिकेट भी हुआ जिसमें बीपी वॉरियर्स और पायनियर पैंथर्स के बीच पहला मैच हुआ जिसमें पायनियर पैंथर्स ने विजय हासिल करी जिसमें दिव्या जैन द्वारा ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और पलक सदाना द्वारा गेंदबाजी देखने को मिली उसके बाद दूसरा मैच रॉयल पायनियर और पायनियर सुपर किंग्स के महिलाओं के बीच हुआ जिसमें पायनियर सुपर किंग्स ने विजय हासिल की इसमें आशा जैन और अंकिता मंगल की जोड़ी ने मैच की दिशा बदल अपनी टीम को जीत दिलाई।तत्पश्चात पुरुषों के लिए फुटबॉल भी रखा गया जिसमें पहला मैच रॉयल पायनियर और पायनियर पैंथर्स के बीच हुआ। जिसमें रॉयल पायनियर 2- 1 se विजय हासिल इस मैच में रॉयल पायनियर के विपुल अग्रवाल ने पहला शानदार गोल और सिद्धार्थ जैन मैं दूसरा गोल मारा ,पायनियर पैंथर्स से रविंद्र रघुवंशी ने अपनी टीम के लिए एक गोल मारा ,उसके बाद दूसरा मैच बीपी वॉरियर्स और पायनियर सुपर किंग्स के बीच हुआ जिसमें पायनियर सुपर किंग 2-0 se विजय हासिल की जिसमे किशन रावत और जग्गी रघुवंशी द्वारा शानदार 1-1 गोल मारे गए। 2 दिन की खेल स्पर्धा पूरे होने तक अभी तक सभी टीम के अंक लगभग बराबरी पर चल रहे हैं काफी नेट तो नेट कंपटीशन चलता हुआ।

पीएम जन-मन अभियान को पूरी गंभीरता से लें: संभाग आयुक्त

सभी विभागों के मैदानी अधिकारी– कर्मचारियों को सहरिया जनजाति बहुल बसाहटों में घर-घर भेजें। पीएम जन-मन अभियान (प्रधानमंत्री जाजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान) के तहत किए जा रहे काम को मिशन मोड पर लें और उन्हें लाभ दिलाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़लाई सामने आने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस आशय के निर्देश संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह ने ग्वालियर – चंबल संभाग के सभी संभागीय व जिला स्तरीय अधिकारियों को वीसी के माध्यम से निर्देश दिए। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने रविवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में संभाग आयुक्त श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान की सतत मॉनीटरिंग करें और अधीनस्थ जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय बनाकर एक हफ्ते में सर्वे का काम पूरा कराएँ। उन्होंने संभाग के सभी जिलों के जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पीएम जन-मन अभियान के एजेण्डे पर हर पंचायत में ग्राम सभा व ग्राम पंचायतों की बैठकों का आयोजन कराएँ। इसी साथ ही जनप्रतिनिधियों के सुझाव भी शामिल करें। संभाग आयुक्त श्री सिंह ने बैठक में पीएम जन-मन अभियान के क्रियान्वयन के लिये बनाई गई कार्ययोजना की वस्तुस्थिति की जिलेवार समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये कर्मचारियों की जवाबदेही तय करें, और पात्र सहरिया व्यक्तियों को लाभान्वित कराएँ।बैठक में संभाग आयुक्त ने जोर देकर कहा कि पीएम जन-मन अभियान के तहत संभाग में निवासरत सहरिया जनजाति के शतप्रतिशत परिवारों को लाभान्वित कराने के लिये भारत सरकार ने 9 बिंदु निर्धारित किए हैं। अभियान के तहत 16 प्रकार की योजनाओं से सभी पात्र सहरिया व्यक्तियों को लाभान्वित कराया जाना है।

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के अधिवेशन में गुना से शामिल हुए कर्मचारी

गुना। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के 47 वे अधिवेशन में महेंद्र शर्मा को पुणे निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचन होने पर चूरू में रैकवार को प्रांतीय संरक्षक मांगीलाल तमोली को प्रांतीय निर्माण समिति के प्रांतीय निर्माण समिति समिति अध्यक्ष एवं संतोष चंद्र ध्यान प्रांतीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष बनाए जाने पर एवं मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ शाखा गुना संरक्षक आरडी शर्मा को नंबर निर्वाचित समिति ने शआरडी शर्मा को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। हम सभी लघु वेतन कर्मचारी संघ गुना गुना की कार्यकारिणी की ओर से सभी पदाधिकारी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। जिला सीहोर अधिवेशन में गुना जिले से पधारे हुए पदाधिकारी निम्न है मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के संरक्षक आरडी शर्मा एवं जिला अध्यक्ष चंदन सिंह परिहार उपाध्यक्ष गोपाल नामदेव आयुष विभाग रविंद्र अटल कोषाध्यक्ष कलेक्ट्रेट की अध्यक्ष रामलाल एवं संभागीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र रजक एवं उद्यान विभाग के उपाध्यक्ष गोविंद महाराज अनु साथी एवं सभी की और से समस्त पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राष्ट्रवादी संघ ने मंदिर परिसर में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

राष्ट्रवादी संघ की ओर से स्थानीय मालपुर टेकरी मंदिर परिसर में एकत्रित होकर आगामी 22 जनवरी के ऐतिहासिक गौरवशाली और धार्मिक विजय के क्षण को अनुभव करते हुए राष्ट्रवादी संघ ने पौधा रोपण किया। आगामी 22 जनवरी को सम्पूर्ण सनातन हिन्दू धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे बड़ा गौरव और हर्ष का दिन है, जब प्रभु श्रीराम अपने नवीन मंदिर में विराजमान होंगे। इस अवसर पर श्री मालपुर टेकरी मंदिर पर प्रसादी वितरण का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रवादी संघ के अध्यक्ष मनोज राठौर, संघ से सुनील शर्मा नालंदा, कमल अस्थाना, संदीप गोस्वामी, कप्तान राव देशमुख, सचिन लाड, रविंद्र सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र साहू, दीपक कुशवाह, आयुष कुशवाह,मुकेश प्रजापति, संजीव सिंह बघेल, सतेंद्र रघुवंशी, कृष्णमोहन कुशवाह, बंटी यादव, रजनीश कश्यप आदि रहे मौजूद।

समाचार संक्षेप

विहिप-बजरंग दल के आह्वान पर घर-घर दिए पीले चावल, दीपावली मनाने का किया आग्रह



गुना। आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर में नागरिकों को घर-घर निमंत्रण पत्र पीले चावल दिए जा रहे हैं। आज जिले के ग्राम गढ़ा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के स्वम सेवियों ने ग्राम वासियों को घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र व पीले चावल दिए गए 22 जनवरी को घर-घर में दीपक जलाने का आग्रह नागरिकों से किया गया आयोजन में खंड गढ़ा के बजरंगदल प्रमुख गणेश जायसवाल, रूप सिंह कुशवाहा, गो सेवा प्रमुख लल्लू राम प्रजापति सहित संगठन के अजीत कुशवाहा सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए ग्रामीण स्वागत किया।

आरोन पहुंचकर सांसद ने दी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि

(हरिभूमि न्यूज) आरोन। कल रविवार को आरोन दौरे पर पधारे गुना शिवपुरी के लोकप्रिय सांसद डॉ.कृष्णपाल यादव जी ने गुना से आरोन आ रही सिकरवार बस के हादसे आरोन और आसपास के गांव के जिन लोगो का देहांत हो गया था उन समस्त परिवारों में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी एवं सरकार द्वारा पूर्ण मदद का आश्वासन दिया और कहां की हमारी सरकार हमेशा आपके साथ है किसी भी प्रकार की कोई भी आवश्यकता होने पर हमें याद करें हम आपके लिए सदैव तत्पर हैं अपने संसदीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जाकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मनोहर शर्मा RSS डाक्टर संजीव कुशवाह के पुत्र सक्षम कुशवाह ी, गणेश गिरी गोस्वामी , अर्जुन गिरी गोस्वामी , गोलू ओझा की पूज्य बहन संगीता ओझा , महेश सिलावट , मुस्ताकिम खान , तथा सौरभ बाल्मिक जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। ईश्वर सभी दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में उच्च स्थान प्रदान करें।

विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अशोकनगर। विकसित भारत 2047 प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर प्रस्तावित है। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का उदेष्य एक अच्छा मंच उपलब्ध कराना है। 9 जनवरी तक भाग लेने वाले लोग अपना पंजीयन करा सकते है। जिला स्तर पर एक प्रतिभागी का चयन किया जाएगा।जो राज्य स्तर पर जाकर भाग लेने से विजेता होने पर प्रथम पुरस्कार 01 लाख रूपये, द्वितीय 50,000, एवं तृतीय 25000 (दो प्रतिभागी प्रत्येक) को दिया जाएगा । लक्ष्य समूह- 12 जनवरी 2024 तक 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा भाग ले सकतेहैं । 10 जनवरी 2024 को प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसकी जानकारी अलग से आवेदक को दी जायेगी । आवेदक अशोकनगर जिले का निवासी होना आवश्यक है । आवेदन फार्म नेहरू युवा केन्द्र अशोकनगर से प्राप्त कर सकते है । अधिक जानकारी के लिए नेहरू युवा केन्द्र दुर्गा कालोनी, एल. आई.सी. आफिस के सामने ,अशोकनगर में समय प्रातः 11.00 बजे से सायं 05 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में 14वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 के उपलक्ष में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता जिसका शीर्षक था 'वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम। निवंध प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियो ने भाग लिया जिसमे प्रथम स्थान अर्चना लोधी, दुतीय स्थान सपना जाटव, तृतीय स्थान शिवानी जाटव के प्राप्त किया।. प्रभारी प्राचार्य जयदीप कुमार रैकवार स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.जवाहर टैगोर जिसमें वीक्षक के रूप में डॉ.दीपा वर्मा, डॉ. जेपी सिंह आदि ने कार्य किया सफल..विधार्थी जिला स्तर पर महाविधालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

संकल्प यात्रा के चलते ग्रामीण अंचलों में जाकर फसलो का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत ललोई टांका में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं पर आधारित स्टॉतल लगाये गये। स्टॉलों के माध्यसम से शासन की विभिन्नध जनकल्याओणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण को दी गई। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियो ने खेतो का निरीक्षण किया। शिविर में उप संचालक कृषि के एस कैन ने

किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के उपयोग करने की सलाह दी गई। प्रधान वैज्ञानिक डॉ बी एस गुप्ता द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड और प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही किसानों के खेतों का भ्रमण भी किया गया। अभी फसलों की स्थिति अच्छी है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत शिविरों का हुआ आयोजन

अशोकनगर। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अंतर्गत जिले में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बाहुल्यं ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी बस्ती धनवारा ग्राम पंचायत अंघौरा दीवान, ग्राम बख्तर, ग्राम शंकरपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम बख्तर में आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। ग्राम शंकरपुर में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के लिए संयुक्त दल द्वारा आवेदन भरे गये। साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 31 बिन्दुओं पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राही एवं शेष हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित की गई।

राशि जमा न करने पर की जाएगी जमीन कुर्की की कार्रवाई

अशोकनगर। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अतिरिक्त अधीक्षण यत्री अंकुर गुप्ता ने बताया कि जो विधुत उपभोक्ता डिफाल्टर है। और उन पर 1 लाख रूपए से अधिक की राशि बकाया है ऐसे बकायादारो के खिलाफ राशि जमा न करने पर जमीन कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने बताया कि गत वर्ष भी जिले मे जमीन कुर्की की कार्यवाही की गई थी। जिले मे 1 लाख से अधिक राषि के बकायादारो की संख्या 150 है। जिसे कंपनी द्वारा संज्ञान मे लिया गया है। उन्होने बताया कि जिले मे विघुत उपभोक्ताओ पर 175 करोड रूपए की राषि बकाया है। गाव गाव मे जाकर संपर्क किया जा रहा है और राषि जमा करने के

लिए दबाब डाला जा रहा है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओ के साथ ग्रामीण अंचलो मे यह कार्यवाही की जा रही है। लक्ष्य के विरूद्व अभी तक गत माह मे 12 करोड रू की वसूली की गई है। शासकीय विभागो पर भी राषि बकाया है। लेकिन उन विभागो की राषि जमा हो रही है। ऐसी स्थिति पैदा नही हुई कि विभागो के कनेक्षन काटना पडे। उन्होने बताया कि भारत सरकार की अधोसरंचना के अंतर्गत जिले मे कई नए सब स्टेषन बनाए जा रहे है। जिनमे मसीदपुर ,रूसल्ला,भादौन शामिल है। एक हरिपुर मे भी बनकर तैयार हो गया है और मुगावली क्षेत्र मे बनाया गया है। शहरी क्षेत्रो मे 11 केव्ही के 100 नए ट्रासफार्मर लगाए जा रहे है। जहॉ लोड अधिक है वहॉ ट्रासफार्मर बढाए जा रहे है।

हवन-पूजन और भंडारे के साथ सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

अशोकनगर। अहंकार व्यक्ति को विनाश की ओर ले जाता है, यद्यपि वह कितना ही बड़ा विद्वान क्यों ना हो, अंत पतन होता है। उक्त आशय के उद्गार और रविवार को स्थानीय बांस खेड़ी मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक प्रियंका भारती ने उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं को कथा श्रवण कराते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि लंका पति रावण त्रिकालदर्शी परम विद्वान पांडित्य से परिपूर्ण ब्राह्मण था। लेकिन अहंकार के वशीभूत होकर पतन को प्राप्त हुआ। तीनों लोकों में उसके समान कोई बलशाली वैभवशाली राजा नहीं था। इसी अहंकार के वशीभूत होकर वह प्रभु श्रीराम से बैर कर बैठा और कुल सहित विनाश को प्राप्त हुआ। 1 जनवरी से शुरू हुई संगीत मय श्रीराम कथा का समापन रविवार 7 जनवरी को हवन पूजन भंडारे के साथ हुआ। कथा का आयोजन देवीलाल भगत, राजेश रिजौदा, प्रतिपाल यादव सहित आसपास के ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। इसके पूर्व कथा व्यास भारती ने प्रतिदिन राम कथा के कई मार्मिक प्रसंग सुनाए, उन्होंने राम जन्म के उत्सव से लेकर वन गमन चित्रकूट पर भगवान का निवास, राक्षसों का संहार, सीता हरण, जटायु के पराक्रम भगवान द्वारा की गई जटायु की अंत्येष्टि, सुग्रीव मैत्री बाली वध माता जानकी की खोज लंका दहन, विभीषण की शरणागति, सेतु बंध, लंका में प्रवेश कुंभकरण मेघनाथ रावण सहित राक्षसों का अंत, विभीषण को राज्य तिलक, वापस अयोध्या लौटकर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक आदि प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से सुनाया जिसे सुन उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए।

नव निर्मित सड़क का नपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया

अशोकनगर। अशोकनगर शहर मे विभिन्न जगह निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। ताकि शहर वासियों को बेहतर सड़क एवं नाली बना कर नगर पालिका सौंप सकें। इसी क्रम में नगरपालिका द्वारा विदिशा रोड से कयाल नर्सिंग होम को जाने वाली सड़क का निर्माण कराया गया है। जिसका निरीक्षण नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने किया। इस दौरान उन्होने हाल में हुई निर्मित सड़क के निर्माण की गुणवत्ता का परीक्षण किया। नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं उनकी परिषद ने प्राथमिकता के तौर पर सड़को और चैराहों के कायाकल्प का संकल्प पारित कर कार्य शुरू किए हैं इसी कड़ी मे रविवार को कयाल हॉस्पिटल वाली गली का निरिक्षण करने स्वय नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मौक़े मुआयना किया एवं ठेकेदार को समझाइस दीं कि कोई भी कार्य मे लापरवाही नहीं वरती जायगी कार्य पूर्ण गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए।

'संस्कार, सामर्थ्य, सदाचार सेवा के भाव को जागृत करती है सदाचार सभा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्व मांगल्य सभा द्वारा जनवरी माह की प्रथम सदाचार सभा मनीषा साहू के निज निवास कोलुआ रोड पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उत्तर भारत संयोजिका डॉक्टर अनुराधा केपी यादव लोक प्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग द्वारा की गई । मध्य भारत प्रांत सहसंयोजिका कविता साहू द्वारा सदाचार सभा एवं स्वाध्याय के बारे में बताया गया। पांच श्लोकी पाठ कुमारी अंकित यादव द्वारा किया गया। मकर संक्रांति विषय पर अपना वक्तव्य बकुल त्रिपाठी द्वारा दिया गया। त्यौहार जीवन पर क्या प्रभाव डालते हैं उनका क्या महत्व है समझाया गया। योग एवं ज्ञान गायत्री अरोड़ा द्वारा कराया गया मातृ संस्कार को विभिन्न उदाहरणों द्वारा डॉक्टर अमिता सेठी द्वारा विस्तार से समझाया गया। अंत में राम ज्योति जलाकर घरों में दिवाली मनाने का एवं विश्व मांगल्य सभा के संपर्क अभियान, ध्वज प्रार्थना तथा जय घोष के साथ सदाचार सभा का समापन किया गया। मंच संचालन डॉक्टर बकुल त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की लिखित जानकारी मीडिया प्रभारी भारती साहू द्वारा दी गई। कविता साहू के कुशल नेतृत्व में अनेक महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम में ज्ञानेश्वरी सक्सेना, साधना शर्मा, मध्य भारत प्रांत की सहसंयोजिक नैना शर्मा, किरण, मनीषा, रानी, ममता, नीतू यादव, राम कुमारी , राम प्यारी, नीतू साहू, रीना यादव गायत्री, आदि उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

बाइक फिसलने से युवक हुआ घायल

अशोकनगर। ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पाटखेडा निवासी 23 वर्षीय युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां घायल युवक एवं उसके परिवारजनों ने बताया कि वह बाइक से अशोकनगर बाजार आया था। जब सामान लेकर अपने गाव वापिस जा रहा था तभी पलकाटोरी सड़क मार्ग पर बाइक फिसलने से सडक के किनारे गड्ढे में जा गिरा। जब परिवारजनों युवक को फोन लगाया और जानना चाहा कि वह कहां है। तब युवक ने बताया कि वह घायल हो गया है। तो परिवारजन घायल हुए युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

दो युवकों से अलग-अलग स्थानों पर मारपीट

अशोकनगर। देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानो पर दो युवको से मारपीट की गई है। दोनो घायलो का उपचार जिला अस्पताल मे चल रहा है। पहली घटना मेहवान सिंह पुत्र कृपाल सिह यादव निवासी शंकर कालोनी उम्र ने बताया कि मे हमारे घर के पास साहू की दुकान पर सौदा लेने गया थां। मैने दुकानदार को पहले ही पैसे दे दिए थे। उन्होने सौदा दे दिया जब मैने पैसे वापिस मागें तो उन्होने कहा कि अभी तूने मुझे पैसे नही दिए और मेरे सिर पर लाठी मार दी । जिससे मुझे चोटे आई है। इसी प्रकार दूसरी घटना कमलसिंह पुत्र प्रीतम सिंह चंदेल उम्र 36 वर्ष निवासी माता मंदिर रोड शंकर कालोनी ने उपचार के दौरान बताया कि मे बाजार से दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी पुरानी रंजिष को लेकर दयाराम और रामचरण ने मुझे मंडी माता मंदिर रोड पुरानी कलारी के पास रोककर मारपीट की।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मूडरा मल्हारगढ निवासी आजाद गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी नीरज ,संजीव,रामू,माखन ,मुल्लोबाई,गुडडीबाई ने जमीनी विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर जिले के ग्राम दौलतपुर निवासी कमलसिहं लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी अभिषेक ,रामभरत व दो अन्य अज्ञात लोगो ने मछली लेने व पुरानी रंजिश के विवाद पर उससे मारपीट की।

जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत पुलिस ने अमाही कन्हेरा तिराहे के पास ताष के पत्तो से जुआ खेलते हुए कई आरोपियो को गिरफतार किया है। जिनमे लल्लीराम ,महेन्द्र,बीरसिह,विमल कुर्मी,भूपेन्द्र अहिरवार और शाहिद खान शामिल है।

जिपं सदस्य उप निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

अशोकनगर। जिला पंचायत सदस्यु उप निर्वाचन 2023 के रिक्तर पद की पूर्ति हेतु निर्वाचन क्षेत्र 05 जनपद पंचायत ईसागढ़ के निर्वाचन निष्क्ष,शांतिपूर्ण,निर्विघ्न सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टीर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए सेक्ट र अधिकारी नियुक्त किये गये है। जारी आदेशानुसार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 के लिए सेक्टर क्रमांक 1 हेतु सोहन अग्रवाल प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना,सेक्टर 2 के लिए अशोक अहिरवार कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग,सेक्टर 3 के लिए दीपक नामदेव प्रबंधक एम.पी.आर.डी.सी.,सेक्टर 04 के लिए खैर सिंह कैन उप संचालक कृषि कृषि विभाग,सेक्टर 05 के लिए पी.एस.बरोरिया प्रभारी उपायुक्त सहकारिता विभाग,सेक्टर 06 के लिए नवल सिंह भूरिया कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य व यांत्रिकी विभाग,सेक्टर 07 के लिए नीरज शुक्ला जिला शिक्षा अधिकारी, सेक्टर 08 के लिए राहुल शर्मा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र तथा सेक्टर 09 के लिए बी.एस.सुमन अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कुछ परीक्षा केंद्र हटाए गए तो कुछ नए परीक्षा केंद्र बनाए

5 फरवरी से जिले में हाई स्कूल और हायर सेकंडरी बोर्ड की होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में 5 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। इस बार शीत ऋतु के मौसम की विदाई भी नहीं हो पाएगी और ग्रीष्मकालीन समय में होने वाली वार्षिक परीक्षाएं शुरू होंगी। इन परीक्षाओं को लेकर जिला शिक्षा विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह परीक्षाए समय से पहले आयोजित की जा रही है। यह पहला मौका है जब फरवरी के पहले सप्ताह मे यह परीक्षाए आयोजित हो रही है। इन परीक्षाओं को लेकर अब स्कूलों में समय से पहले सारा कोर्स समाप्त करने की तैयारियां चल रही है। इन परीक्षाओ को लेकर फरवरी मे ही सम्पूर्ण पेपर आयोजित कराने की तैयारी है। माध्यमिक षिक्षा मण्डल की इन दोनो परीक्षाओ को लेकर जिले मे दो परीक्षा केन्द्र हटाए गए है और दो नए परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा 33 केन्द्रो पर आयोजित होगी और हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 35 केन्द्रो पर आयोजित होगी।

जिला शिक्षा विभाग के एडीपीसी अनिल खंतवाल ने बताया कि जिन दो परीक्षा केन्द्रो को हटाया गया है। उनमे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विघालय मुगावली और तक्षषिला उच्चतर माध्यमिक विघालय पिपरई शामिल है। इनके स्थान पर दो नए परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उनमे शासकीय हाई स्कूल पठारी और सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय पिपरई शामिल है। जिले मे अगर संवेदनषील परीक्षा केन्द्रो की बात करें तो 5 परीक्षा केन्द्र संवेदषील है। जिनमे नईसराय ,मल्हारगढ ,राजपुर और पठारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विघालय है जो पडौसी जिलो की सीमाओं से लगे हुए हैं। जबकि 6 अतिसंवेदनशील केन्द्र है। जिनमे शासकीय कन्या उ मा वि अषोकनगर, शासकीय बालक उ मा वि ईसागढ, शासकीय बालक उ मा वि मुगावली, शासकीय कन्या उ मा वि चंदेरी, शासकीय उ मा वि क्रमांक 1 अशोकनगर, शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि अशोकनगर तथा शासकीय हाई स्कूल पठारी है।

समय पर होगा मूल्यांकन

जिले में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में कुल परिक्षार्थीयो की संख्या 11593 है जिसमे नियमित परीक्षार्थी 9569 और स्वाध्यायी 2024 है। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा मे कुल परीक्षार्थीयो की संख्या 6920 है। जिसमे नियमित परीक्षार्थी 5661 और स्वाध्यायी 1259 है। इन दोनो परीक्षाओ को मिलाकर जिले मे 18513 परीक्षार्थी माध्यमिक शिक्षा मंडल की इन परीक्षाओ मे शामिल होगें। इन परीक्षाओ के जल्दी होने से लग रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओ का मूल्यांकन भी समय पर हो सकेगा और पिछले वर्षो की तुलना मे इस वर्ष परीक्षा परिणाम भी जल्दी मिलने की संभावना है।

आदिवासी ग्राम सर्वे से वंचित न रहें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में चल रहे सर्वे कार्य के दौरान कोई भी आदिवासी बाहुल्य ग्राम सर्वे से वंछित न रहे। इस हेतु संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि सर्वे कार्य की निरंतर मॉनीटरिंग करते रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत सहरिया परिवार की जनसंख्या,बीपीएल परिवार,जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड सहित अन्य कार्यो का सर्वे कर प्रपत्र में जानकारी भरी जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सभी अधिकारी प्राथमिकता पर लेकर कार्य करें। साथ ही ग्राम पंचायतों में लगने वाले शिविरों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पआलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत विभागों में लंबित आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। जिससे ग्रेडिंग में सुधार लाया जा सके। उन्होंने विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन से संबंधित विषयों तथा संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए निराकरण कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

मुनिश्री निरापद सागर महाराज का मिला मंगल आशीर्वाद

भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय बैठक शाढ़ौरा में हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

यदि आप अपने धर्म समाज एवं देश के लिए कुछ करना चाहते हैं तो अपनी शक्ति को सही दिशा में लगाएं तभी वह कार्यकारी सिद्ध होगी। यह उद्गार पूज्य मुनि श्री निरापद सागर महाराज ने स्थानीय पाश्र्वनाथ मंदिर स्थित विद्या सागर भवन में भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को अच्छे से समझना व अपने आचरण में लाना होगा। यदि जिन शासन को जयवंत रखना है तो आने वाली पीढ़ी को जैनत्व की शिक्षा व संस्कार देना होंगे । इसके लिए अपनी संस्था की ऊर्जा बच्चों को शिक्षा व संस्कार देने वाली पाठशालाओं को संचालित व व्यवस्थित करने में लगाएं। शाढ़ौरा जैन मिलन परिवार के आतिथ्य में संपन्न हुई इस द्वित्तीय क्षेत्रीय बैठक को समारोह गौरव की आसंदी से संबोधित करते हुए भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन गुना ने कहा कि भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष को मनाए जाने के लिए संस्था द्वारा अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से व्यापक कार्यक्रम किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के द्वारा भगवान महावीर के संदेशों को घर घर और जन जन तक पंहुचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा जैन धर्म की पहचान हमारा गौरव है और अपनी पहचान को अक्षुण्ण रखने व प्रसारित करने के लिए हमें ज्ञान और आचरण दोनों से तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज बदलती आधुनिक जीवन शैली व मोबाइल संस्कृति ने आपसी बातचीत एवं संवाद को खत्म सा कर दिया है जो निश्चित ही एक चिंतनीय विषय है। इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन पत्रकार सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त कर बैठक को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। क्षेत्रीय मंत्री पी के जैन ने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत की। क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एस सी जैन ने क्षेत्रीय मोबाइल डायरेक्टरी के प्रकाशन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय जैन एडवोकेट गुना एवं सुभाषजैन कैंची बीड़ी, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आनन्द गांधी, शीतल चंद कठारी, महेंद्र जैन कडेसरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारिल्य, विनोद जैन भारिल्ल एवं सुनील बड़कुल, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन चैधरी तथा केंद्रीय महिला संयोजिका ममता भंडारी मंचासीन थीं।बैठक में विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं प्रतिनिधियों ने अपने विचार व सुझाव रखे। क्षेत्रीय महिला सम्मेलन एवं क्षेत्रीय अधिवेशन पर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान नगर के 10 युवाओं ने नए सदस्य के रूप में युवा जैन मिलन की सदस्यता ग्रहण की जिनको राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माला पहिना कर एवं लेपल पिन लगा कर सदस्यता दी।मुनिश्री के सानिध्य में संस्था द्वारा प्रकाशित श भगवान महावीर के संदेशश पुस्तक का राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने विमोचन किया। उक्त कार्यक्रम मे 25 शाखाओ ने भाग लिया।

सेल्फी लेने के लिए मोबाइल मांगा, नहीं देने पर की हत्या

घटना के कुछ ही घंटों में पुलिस ने हत्या का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

थाना चंदेरी क्षेत्र अतंर्गत ग्राम पाडरी सहराई में मोबाईल न देने की रंजिस पर से अपने पडोसी सुनील आदिवासी की हत्या को अंजाम देकर लाश को छिपाने के उदेश्य से पाडरी सहराई के जंगल भरकी नाले के पास में फैकने वाले आरोपीगण अरूण आदिवासी एवं बृजेंद उर्फ बिजेंदर आदिवासी को मय मोसा एवं मृतक की शर्ट व मृतक के मोबाईल के साथ गिरफतार किया गया है। एक मृतक का दोस्त है और दूसरा उसका जीजा है।

घटना 4 जनवरी की है। ग्राम पाडरी सहराई के बरखेडा के भरकी नाले के पास एक लाश मिली थी।जिसकी पहचान ग्राम पाडरी सहराई के ज्ञानसिंह आदिवासी के लड़के सुनील आदिवासी के रूप में हुई थी। घटना स्थल पर मृतक के सिर में व पैर में चोट के निशान होने से मृतक की मृत्यु पर संदेह प्रगट हुआ जिस पर से थाना चंदेरी पर मर्ग का मामला दर्ज किया गया था। जॉच के दौरान मृतक का चंदेरी सरकारी अस्पताल में पी.एम. कराया गया था। जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृतक सुनील आदिवासी की चोटों से मृत्यु होना वताई गई। बाद मे मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई जिनके द्वारा 04 जनवरी को दोपहर के समय 4 बजे उनके पडोसी अरूण आदिवासी के द्वारा अपने साथ बाइक से किकेट मैच दिखाने के बहाने अपने साथ ले जाना एवं कुछ दिन पूर्व अरूण आदिवासी का उनके लडके सुनील आदिवासी के साथ मोबाईल न देने पर से झगडा होना बताया गया था।

जिसके आधार पर एवं ग्राम नानोन के लोगो से पूछताछ की गई। जिसमे शाम के समय पिपरई रोड तरफ से आरोपीगण अरूण आदिवासी एवं बृजेन्द्र उर्फ बिजेंदर आदिवासी के द्वारा अपनी बाइक पर एक व्यक्ति को बीच में बैठाकार अर्धनग्न अवस्था में बेहोशी की हालत में बृजेंदर आदिवासी के घर ग्राम नानोन में ले जाना बताया। जिसके बाद पुलिस द्वारा उक्त मर्ग की जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया। उक्त घटना मे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से घटना दिनांक से फरार अरोपीगण को सोमवार को ग्राम नानोन से आरोपी बृजेंदर एवं आरोपी अरूण आदिवासी को उसके जीजा के ग्राम जारोली से गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ के दौरान उनके द्वारा मृतक सुनील आदिवासी से पूर्व से चली आ रही मोबाईल को लेकर पूछताछ की गई।जिसमे उन्होने बताया कि घर से ले जाकर सेल्फी लेने के बहाने मोबाईल लेने पर सुनील आदिवासी के द्वारा देने से मना करने पर गुस्से में उसके साथ मारपीट कर जान से मारने कि नियत से उसके सिर में पत्थर मारा जिससे उसकी जान चली गई। बाद उस रात सुनील के शव को रातभर बृजेन्द्र के घर मे रखा गया और बाद मे शव को छिपाने के उदेश्य से पाडरी सहराई के जंगल भरकी नाले के पास शव को फैकने की घटना को स्वीकार किया गया ।

जिपं सदस्य के लिए भरे गए अभ्यर्थियों में दो के निर्देशन पत्र निरस्त

अशोकनगर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत सदस्य उप निर्वाचन 2023 के कार्यक्रम अंतर्गत अशोकनगर जिले की जनपद पंचायत ईसागढ के निर्वाचन क्षेत्र वार्ड क्रमांक 05 में जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद हेतु 50 अभ्यर्थियों द्वारा रिटर्निंग आफिसर के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा सोमवार को जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा उपरांत 48 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए। 02 अभ्यर्थियों लक्ष्मी कुमार सिंह ग्राम पाकरोड तहसील ईसागढ तथा बाबूलाल ग्राम हिनोतिया पछार तहसील अशोकनगर के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य नही पाए जाने पर निरस्त किए गए हैं।

शिक्षकों को सीआर के नाम पर बेवजह न किया जाए परेशान

शिक्षक संघ ने शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के नियमानुसार 12 वर्ष और 24 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाता है। लेकिन 2006 के शिक्षकों की 12 वर्ष की सेवा 2018 में पूरी हो गई। इसी प्रकार 1998 बाले शिक्षकों की 24 वर्ष की सेवा 2022 में पूर्ण हो चुकी है। 2007 से 2011 तक के शिक्षक भी 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं। वर्षों गुजरने के बाद भी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान से लगातार वंचित किया जा रहा है,जो अन्याय है। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया में शिक्षकों से विगत 5 वर्षों की चरित्रावली(सी आर) मांगी जा रही है जबकि यह कार्य वेतन आहरण अधिकारी स्तर का है न कि शिक्षकों का। संघ अनुरोध करता है कि शिक्षकों को सी आर के नाम पर बेवजह परेशान न किया जाए। शिक्षक संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि 12 और 24 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाए तथा नियमानुसार एरियर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाए। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालयों को भेज दिए जाएं,जिससे उनपर कार्यवाही हो सके।

इसी प्रकार मंहगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान भी लंबित है जिसे भुगतान करने का भी संघ ने अनुरोध किया है। इसके बाद शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कोषालय अधिकारी से मिलकर एरियर के भुगतान में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर महेश भार्गव,शांतिलाल परिहार, धर्मेन्द्र अरोरा, पुरषोत्तम दुबे, आनंद मुदगिल, मोहन शर्मा, कमल कुशवाह, चंपालाल चंदेल, संजीव शर्मा, कमरलाल अहिरवार, संतोष रघुवंशी, रणवीर सेन, विवेकानन्द शर्मा, कमलेश श्रीवास्तव, नरेंद्र बैस सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

1 करोड़ की लागत से किया जा रहा नाले का निर्माण

नाले का पानी बारिश के दिनों में घरों में भर जाता था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय रेल्वे मालगोदाम के पास से बने हुए नाले मे बडे सैलाव के साथ पानी वर्षाकाल के दिनो मे आता था। जिसके कारण यह पानी नाला उचा और आस पास की बस्ती के घर नीचे होने के कारण पानी लोगो के घरो मे भर जाता था। इस समस्या के निदान के लिए नपाध्यक्ष ने इस नाले के निर्माण का निर्णय लिया और एक करोड रूपए की लागत से इसका भूमि पूजन किया गया है।

नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि ओवरप्लो होने वाले पानी के नाले से वार्ड क्रमांक 05,08 और 11 के नागरिक परेषान होते थे। इस नाले के निर्माण को लेकर वार्ड पार्षद राषिद खान चिन्ना द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष को इस समस्या से अवगत कराया गया था। जिसके बाद नपाध्यक्ष ने इस कार्य को करने का निर्णय लिया और इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान पार्षद महेन्द्र भारद्वाज भी उपस्थित थे। नगरपालिका इस नाले के निर्माण पर एक करोड रूपए खर्च कर रही है। जिसे नहर कालोनी के नाले से जोडा जा रहा है। ताकि ओवरप्लो होने वाला पानी इन वार्डो के रहवासियो के घरो मे न पहुंच सके।

आमंत्रण व पीले चावल पाकर हुई भावुक, अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोलीं बन गया रामलला का मंदिर

जब 91 साल की भंवरी ने राममंदिर निर्माण के लिए सौंप दी थी अपनी दिनभर की मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समर्पण के भाव प्रबल हो तो फिर किसी भी तरह का बंधन आड़े नहीं आता। यूं तो दान धर्म में सभी ने अपने अपने हिसाब से अयोध्या में निर्माण होने वाले राममंदिर के लिए अपना समर्पण कर सहयोग दिया, परंतु मजदूरी कर जीवन यापन करती आ रही 91 साल की भंवरीबाई की बात कुछ अलग है। अयोध्या से आए अक्षत और आमंत्रण देखकर वह भावुक हो गई और अस्वस्थ होने के बाद भी उठकर बोली - बन गया रामलला मंदिर ? तब वहां पर श्रीराम मंदिर अक्षत वितरण कार्यक्रम के नगर प्रभारी गोपाल सक्सेना ने बताया की आने वाली 22 तारीख को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने वाला है यह उसी का बुलावा है।

2021 में प्रकाशित समर्पण समाचार ,जब मजदूरी भी कर दी थी रामलाल मंदिर निर्माण को समर्पित

सुठालिया में रहने वाली भंवरीबाई अपने छोटे मोटे काम कर अपनी दिहाड़ी किया करती थी। आज भी उन्हें 22 जनवरी 2021 का वो दिन याद है जब वह 89 वर्ष की रही होगी उस समय उन्होने श्रीराम मंदिर निर्माण निधि में समर्पण करते हुए अपनी पूरे दिन की मजदूरी अर्पण कर दी थी। उस समय उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के ब्यावरा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं सुठालिया के गोपाल सक्सेना ने उनकी आर्थिक स्थिती देखते हुए उनसे मना भी किया की आप तो रसीद ले लो पैसे रहने दो परंतु भंवरीबाई की आस्था और समर्पण भाव के कारण उन्होने अपनी साडी के पल्लु में बंधे हुए सभी सिक्के गिनकर रामलला मंदिर निर्माण के लिए दान किए थे। जब उन सिक्को को समर्पण मंडल द्वारा गिना गया तो वह पूरे 10 रुपए थे।

समर्पण के लिए संपर्क, मंदिर निर्माण के लिए आगे आए लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान में उत्साह से समर्पण कर रहे लोग, सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिपं अध्यक्ष ने दी एक लाख से अधिक की राशि

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत जिलेभर में भी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा समर्पण कराया जा रहा है। इसके लिए गांव- गांव, शहर व कस्बों में टोलियां पहुंच रही है और लोगों से मंदिर निर्माण के लिए समर्पण का आग्रह कर रही है। इसके अलावा विशेष संपर्क के दौरान जिले के गणमान्य लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। मंदिर निर्माण के लिए लोग आगे आ रहे हैं और उत्साह से राशि का समर्पण भी कर रहे हैं। संपर्क के दौरान सांसद रोडमल नागर ने 1 लाख 11 हजार 101, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलवर यादव ने 1 लाख 1 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जसवंत सिंह गुर्जर ने 1 लाख रुपए का समर्पण मंदिर निर्माण के लिए किया है। इनके अलावा भी जिले के कई लोग बड़ी राशि का समर्पण कर रहे हैं।

मोहल्लों में निकली रामभक्तों की टोली

विशेष संपर्क के अलावा तीर्थ क्षेत्र द्वारा समाज के हर तबके से राशि समर्पण का लक्ष्य लिया है। ऐसे में अभियान समिति से जुड़े कार्यकर्ता जिले के गांवों, कस्बों एवं शहर के मोहल्लों में संपर्क कर रहे हैं। लोगों से मंदिर निर्माण के लिए अपनी श्रद्धा अनुसार समर्पण का आग्रह कर रहे हैं। न्यास द्वारा 10 रुपए, 100 रुपए और 1000 रुपए के कूपन और इससे अधिक राशि के लिए रसीद बुक भेजी है। जिनके माध्यम से संग्रह किया जा रहा है। गौरतलब है कि अभियान के तहत जिलेभर में 15 जनवरी से अभियान की शुरूआत हुई है। यह अभियान फरवरी माह तक चलने वाला है।

10 रुपए देकर कहा, मेरी राशि अयोध्या पहुंचाओ

भगवान राम के मंदिर निर्माण को लेकर समाज के हर तबके से लोग अपनी समर्पण राशि दे रहे हैं। सच्चे मन से मंदिर के शीघ्र बनने की प्रतीक्षा कर रहे है। सुठालिया में मंदिर निर्माण भाव जागरण के लिए वाहन रैली निकाली गई। इसमें सुठालिया निवासी एक वृद्धा ने अपनी गठरी में से 10 रुपए निकालकर कार्यकर्ताओं को दिए और कहाकि, मेरी राशि की रशीद बनाओ और अयोध्या तक पहुंचाओ। ताकि मंदिर निर्माण में मेरी भूमिका भी तय हो। कार्यकर्ताओं ने तत्काल उनके द्वारा दी गई राशि का कूपन उन्हें भेंट किया।

91 साल की भंवरी आमंत्रण देख हुई भाव विभोर

आज भले ही भंवरी बाई मेहर अस्वस्थ है उन्हें उठने बैठने में भी परेशानी हाती है परंतु उन्हें जैसे ही पता चला की राममंदिर निर्माण आने वाली 22 तरीख को प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है इसीलिए आपको अयोध्या से पीले चावल लेकर आमंत्रण आया है तो उनकी आखें खुशी में नम हो गई। उन्होने उपस्थित लोगों से लडखडाती आवाज में पूछा, हो गया अयोध्या में रामलला के मंदिर का निर्माण। इस पर उपस्थित लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा की बात से अवगत कराया और उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। इस समय खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीणा,कैलाश साहू, भावेश पालीवाल,बहादुर सेन, गौतम शर्मा, विशाल सरावत आदि मौजूद रहे।

संस्था जय भारत ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

मरीजों की नि:शुल्क जांच कर दवाई गोली का किया वितरण

सारंगपुर। नगर की समाज सेवी संस्था जय भारत द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बीमारियों के लगभग 1900 मरीजों की जांच एवं दवाई गोली का वितरण निशुल्क किया गया तथा 100 से अधिक नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष संजय विजयवर्गी सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद सुनील बागवान, अनूप पालीवाल, सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

हजारों मरीजों का हुआ पंजीयन

संस्था जय भारत द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हड्डी रोग शुगर ब्लड प्रेशर हृदय रोग नेत्र रोग दंत रोग नाक कान गला रोग मानसिक रोग छाती एवं स्वास्थ्य रोग शिशु रोग स्त्री रोग सहित अन्य बीमारियों के लगभग 1900 से अधिक लोगों का पंजीयन हुआ चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल भोपाल के डॉक्टरों द्वारा पंजीकृत सभी मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई गोली का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान संस्था जय भारत के डॉक्टर नितेश मिश्रा प्रकाश चैरसिया मयंक श्रीमाल पंकज शर्मा प्रखर विजयवर्गीय कमल चौरसिया राहुल राठौर लखन चौरसिया प्रकाश विजयवर्गी विशाल चौरसिया सुनील प्रजापति सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

जीरापुर की रूपाहेड़ा पंचायत का मामला

रोजगार सहायक के हाथ से मस्टर छीनकर फाड़े, की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर- राजगढ़

जीरापुर जनपद की रूपाहेड़ा ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करते हुए शासकीय मस्टर आदि फाड़ दिए गए। पीड़ित रोजगार सहायक ने इस बारे में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जानकारी के अनुसार रूपाहेड़ा के रोजगार सहायक रामबाबू दांगी गत दिवस गांव में ही शासकीय कार्य कर रहे थे। इस दौरान गांव के शैलेंद्र राजपूत ने उनसे पैसों की मांग की। रोजगार सहायक दांगी ने बताया कि शैलेद्र अक्सर रुपए, पैसों की मांग करता रहता है। जब उन्होंने पैसे नहीं दिए तो मारपीट करते हुए मस्टर रोल फाड़ दिए। पुलिस ने षिकायत के बाद शैलेंद्र राजपूत पर शासकीय काम में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

सौर ऊर्जा प्लांट से प्लेट्स चोरी

गागोरनी स्थित सौर ऊर्जा प्लांट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 30 हजार रुपए कीमती केबल एवं एमसी कनेक्टर चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट के पंकज गुर्जर की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

त्यौहारों के रंग, हुंडई के संग

नए मॉडल एवं शत प्रतिशत फायनेंस सुविधा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

चार पहिया वाहनों में फिर चाहे सिडान, एसयूव्ही या हेचबैक कारों की बात हो तो हुंडई सबसे आगे आता है। ब्यावरा श्रीराम हुंडई के संचालक नीरज गर्ग ने बताया कि हुडई की तमाम गाड़ियों पर शत प्रतिशत तक फायनेंस सुविधा हमने अपने ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराई है। 2024 में जहां पर कार सेगमेंट मे रेट बडा दिए गए हैं। वहीं हमने अपने ग्राहकों के लिए त्योहारों को देखते हुए डिस्काउंट स्लेव तैयार किए हैं, जिनका लाभ ग्राहक को मिल रहा है। श्रीराम हुंडई पर सभी तरह में मॉडलों के साथ साथ अन्य मॉडल जिनमें एस्टर,आई 10, आई 20 और क्रेटा का स्टॉक मौजूद है।

1 हजार से ज्यादा किमी की यात्रा दौड़कर होगी पूरी, ब्यावरा पहुंचने पर युवाओं ने किया स्वागत

इंदौर से 14 दिन में दौड़कर अयोध्या पहुंचेगा कार्तिक

ब्यावरा। 5 जनवरी को इंदौर के रणजीत हनुमान मंदिर से 1008 किलोमीटर की पैदल दौड़कर यात्रा का लक्ष्य 14 दिनों में पूरा करने का संकल्प लेकर इंदौर के कार्तिक जोशी राम लाल की धरती पर पहुंचेंगे। कार्तिक जोशी का ब्यावरा पहुंचने पर ब्यावरा के युवा मयूर गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, तनु गुप्ता, राहुल गुप्ता, आदित्य सिघी अंशु गुप्ता विजय साहू आदि युवाओं ने अयोध्या जाने वाले युवा कार्तिक जोशी का माला पहनकर भगवा दुपट्टा पहन कर उसका अभिनंदन किया व उसकी यात्रा सफल हो ऐसी सभी युवाओं ने कामना की।

इस दौरान अयोध्या की 1008 किलोमीटर दौड़कर यात्रा कार्तिक जोशी से चर्चा में उन्होंने बताया कि मैंने यह यात्रा 5 जनवरी से इंदौर के रंजीत हनुमान मंदिर प्रारंभ करती मेरा लक्ष्य 1008 किलोमीटर चलने का है जिस प्रकार श्री राम 14 वर्ष के वनवास के बाद घर पहुंचे थे, उसी प्रकार मेरा लक्ष्य भी 14 दिनों में अयोध्या की पावन धरती पर पहुंचने का रहेगा। हमारे पूरे बुजुर्ग 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए तरस गए थे। आज हम युवाओं को वह अवसर देखने को मिला है राम लाल अयोध्या में भाव मंदिर में विराजमान होने वाले हैं। यह हम सब देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है इतिहास लिखा जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या से मेरा लक्ष्य 14 दिनों में यात्रा पूरा करने का है मेरे साथ परिवार के लोग भी चल रहे हैं भगवान श्री राम की पावन धरती अयोध्या में पहुंचकर मेरा जीवन धन्य होगा और सभी से में देशवासियों से अपील करना चाहूंगा कि सभी 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचे और सभी की मंगल कामना के लिए भी मैं यह प्रार्थना करूंगा।

जय श्रीराम के नारों से गूंजी गलियां, दुर्गा वाहिनी की बहनें ध्वज पताका लेकर निकलीं

हिन्दू जागरण मंच विरांगना वाहिनी ने निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

हिंदू जागरण मंच की प्रांत सह आयोजक रिचा मिश्रा के सानिध्य में सभी बहनों को आत्म रक्षा के गुर सिखाते हुए लव जिहाद पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व नगर में रविवार को भगवा ध्वज के साथ हिंदू जागरण मंच के बैनर तले विरांगना वाहिनी की हजारों बहनों ने नगर में विशाल पथ संचलन निकाला।

उक्त जानकारी हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक गगन सोनी ने बताया कि धर्म रक्षार्थ विरांगनाओं द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की स्थापना के पूर्व विश्व हिंदू परिषद पूजित अक्षत चावल घर घर देकर निमंत्रण दे रहे हैं। वहीं हिंदू संगठन के जागरण मंच के द्वारा अलग अलग रूप से जन चेतना जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी सनातन धर्मियों को 22 जनवरी को अपने अपने घरों में रामलाला उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रविवार को नगर के मुख्य मार्गो पर विरांगना वाहिनी की बहनों ने अपने हाथों में भगवा पताका तथा शस्त्र लेकर जय श्रीराम के नारे लगा रही थीं। वहीं पथ संचलन के आगे बाइक पर बड़े बड़े भगवा पताका तथा पीछे विजय रथ के साथ मनमोहक पथ संचलन को देखकर हर कोई मोहित होते हुए जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। दुर्गा वाहिनी के पथ संचलन का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान डॉ विजेंद्र नागर,प्रमोद सोनी,जनपद अध्यक्ष देव नारायण नागर, प्रमोद सोनी, कपिल पुष्पद सहित विरांगना वाहिनी की बहने मौजूद थी। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से एसडीओपी अरविंद्र सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान अपनी टीम के साथ थे। किया स्वागत तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री गौतम टेटवाल के निवास के बाहर कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा और जय श्री राम के जयकारों से किया स्वागत। स्वागत करने वालों में भाजपा जिला संयोजक कानूनी और विधि प्रकोष्ठ अमित सक्सेना, पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पुष्पद, कमलेश टेंटवाल, बाबूलाल मालवीय, बद्रीलाल बैंड, ओम पुष्पद, हुकम अहिरवार, अनिल जैन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व क्रिकेटर पासी की स्मृति में एसपीसीएल का शुभारंभ

पहले दिन चार मुकाबले, मन ऑफ द मैच बने अशद पठान, रायसेन टीम स्पर्धा से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ विदिशा

पूर्व क्रिकेटर स्व. संतोष पासी की स्मृति में जैन कॉलेज ग्राउंड पर एसपीसीएल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसमें पहला मैच न्यू शिव मंदिर बनाम राइजिंग स्टार विदिशा के मध्य खेला गया। जिसमें न्यू शिव मंदिर ने 101 रन का लक्ष्य राइजिंग स्टार के लिए दिया। जिसका पीछा करते हुए मात्र 72 रन बना पाई राइजिंग स्टार और मैच हार गई।

मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अशद पठान को मन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला रायसेन यूथ बनाम आरसीवी के मध्य खेला गया। रायसेन यूथ ने 70 रन का पीछा करते हुए मात्र 6.1 ओवर में 4 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला तानिस्क 11 भोपाल बनाम यंगस्टर बासौदा के मध्य खेला गया। जिसमे भोपाल ने 111 रन का टारगेट यंगस्टर बासोदा को दिया। जिसका पीछा करते हुए यंगस्टर बासौदा मात्र 46 रन बना पाई और मैच गवां दिया।

दिन का अंतिम और दूसरे राउंड का मुकाबला तनिष्क 11 भोपाल बनाम रायसेन यूथ के मध्य खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की टीम ने 83 रन का टारगेट दिया। जिसका पीछा करने उतरी रायसेन यूथ 71 रन ही बना पाई और 12 रन से हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हुई।

गीतकार सुशील सारंग के भजनों को 10 हजार लोगों ने सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विद्याभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता और अंचल के लोकप्रिय चित्रकार, संगीतकार एवं कवि सुशील सारंग (व्यास) यूं तो अपने द्वारा सृजित गीतों और भजनों के माध्यम से चर्चा में रहते ही हैं। परन्तु इन दिनों श्रीराम जन्म-भूमि पर नव-निर्मित भव्य-नव्य मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर केंद्रित आपके अनेक गीत सोशल मीडिया पर धूम मचाये हुए हैं। सुशील सारंग के अधिकांश गीतों को मालवांचल के उभरते गायक जीवन योगी ने संगीतबद्ध किया है व अपना स्वर दिया है, वहीं आगरा के सुप्रसिद्ध गायक प्रवीण शर्मा ने भी आपके अनेक गीतों को अपना स्वर दिया है। पीले चावल घर घर आये व ष्धन्य धरा है अवधपुरी की -जीवन योगी द्वारा गाये इन गीतों को जहाँ अभी तक दस हजार से भी अधिक लोग पसंद कर चुके हैं, वहीं प्रवीण शर्मा द्वारा गाये गए-बुला रही है धरा अवध की गीत के प्रशंसकों की संख्या भी लगभग इतनी ही है। ज्ञात रहे कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी सुशील सारंग को उनके मध्यप्रदेश से सम्बंधित गीत हेतु सम्मानित किया है। सुशील सारंग गीत गाते हुए चित्र बनाने की कला में माहिर हैं। सुशील सारंग की यह साधना अंचल के निवासियों को गौरव की अनुभूति कराती है।

मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज, तो वेस्ट बल्लेबाज नंदू और वेस्ट बॉलर का खिताब रहा शादाब के नाम

बिग बैश लीग सीजन 3 में कांटे के मुकाबले में सीएसके रहा विजेता, एलएमसीसी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

नगर के स्टेडियम में चल रही बिग बैश लीग सीजन 3 का आयोजन 31 दिसंबर से चल रहा था। शहर व आसपास के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट हमेशा से आर्कषण का केंद्र रहा है। सोमवार को खेले गए मुकाबलों के लिए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम दिन तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मुकाबला बागवान पैन्थर और एलएमसीसी टीमों के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर जैसे इस मुकाबले में एलएमसीसी ने जीत हासिल की। वहीं दिन का दूसरा मुकाबला मून लाइट और एलएमसीसी के बीच हुआ। इसमें भी एलएमसीसी ने मून लाइट टीम को चलता किया और शानदार जीत हासिल की। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को सीएसके और मून लाइट के बीच खेला गया था, जिसमें सीएसके ने यह मुकाबला आसानी से जीतकर पहले ही अपनी जगह फाइनल में बना ली थी।

मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे शाबाज

बिग बैश लीग 3 में सीएसके टीम के खिलाड़ी शाबाज खान टूर्नामेंट के मेन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। वहीं बेस्ट बल्लेबाज के रूप में नंदू ने अपना लोहा मनवाया। बेस्ट बॉलर के रूप में शादाब और बेस्ट फील्डर असीम खान रहे।

विजेता, उपविजेता और मेन ऑफ द सीरीज को मिली ट्रॉफियां

विजेता टीम सीएसके को 60 हजार का प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम को 40 हजार का इनाम दिया गया। विजेता और उपविजेता ट्रॉफी अजय शर्मा जी प्रेस्टीज कॉलेज द्वारा दी गई । मेन ऑफ द सीरीज में 21 इंच एलईडी टीवी आनंद त्रिपाठी द्वारा दी गई।

विजेता टीम ने निकाला शहर में विजयी जुलूस

बैसे तो बैश लीग सीजन 3 सभी क्रिकेट मैच राजगढ़ शहर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाडियों का खूब उत्साह वर्धन करते हुए फायनल मैच का आनंद लिया। वहीं विजेता टीम ने शहर में अपना विजयी जुलूस निकालते हुए सभी क्रिकेट प्रमियों का आभार प्रकट किया।